हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 8 जुलाई 2026

06 ढाई साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं, निजी अल्ट्रासाउंड...



07 सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधि...





## खबर संक्षेप

### युवक ने लगाई फांसी मर्ग कायम, जांच शुरू

**सोहागपुर।** सोहागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेहरा में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक के पिता नन्हेलाल पिता सदू कासदे 55 वर्ष निवासी सेहरा के द्वारा इस आशय की सूचना दी गई है। जिसके अनुसार सूचनाकर्ता का पुत्र सुनील उम्र 21 वर्ष मंडीदीप की पारले जी फैक्ट्री में काम करता था। गत दिनों घर आया था तथा अज्ञात कारणों से पुत्र सुनील ने घर में बिजली के तार से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण क़ायम कर जांच में लिया है। पंचनामा आदि की कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है।

### शिक्षकों के रिक्त पदों पर आवेदन 13 तक आमंत्रित

**नर्मदापुरम।** शासकीय माता शबरी आ. कन्या शिक्षा परिसर पवारखेडा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अध्यापन कार्य हेतु अतिथि शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य, माता शबरी आ कन्या शिक्षा परिसर पवारखेड़ा ने बताया कि वर्तमान में वर्ग-1 में हिन्दी विषय का 01 पद रिक्त है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, 152 मामले आए

# दिव्यांग आवेदकों से रूबरू हुए कलेक्टर जाना हाल, किया शिकायतों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया।जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा, रोजगार, बिजली, पानी, स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 152 शिकायतें प्राप्त हुईं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समय-सीमा निर्धारित कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।जनसुनवाई में जिपं सीईओ हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला, एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम का ओयाजन किया गया। इस दौरान नागरिक अपनी जनसमस्याएं लेकर पहुंचे।



### साहब...मेरी भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवा दो!

जनसुनवाई में सोहागपुर निवासी जीजन बाई ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत प्रस्तुत की। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सोहागपुर को निर्देश दिए कि भूमि का सीमांकन कर अवैध कब्जा पाए जाने पर तत्काल हटाने की कार्रवाई करें तथा एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

### दिव्यांग आवेदकों के बीच स्वयं पहुंचे कलेक्टर

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनने स्वयं भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष पहुंचे। उन्होंने दिव्यांग आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। माखननगर निवासी लखनलाल ने अपने पुत्र को सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश नहीं मिलने की शिकायत की। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच कर पात्रता अनुसार छात्र का प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। नर्मदापुरम निवासी मोहम्मद शाहरुख ने अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने जिला रोजगार अधिकारी को आवेदक की पात्रता के अनुसार आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसील माखननगर की दिव्यांग आवेदिका मनीषा अहिरवार ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आवेदन प्रस्तुत किया।

### पीएम आवास की राशि दिलाने आए आवेदन

तहसील माखननगर निवासी पवन यादव ने भू-अभिलेख शाखा में खसरा अनुमोदन का प्रकरण तीन माह से लंबित होने की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने भू-अभिलेख अधीक्षक को सात दिवस के भीतर खसरा अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं पिपरिया निवासी मीना बाई ने पीएम आवास की तीसरी किस्त प्राप्त नहीं होने की शिकायत की।

## करंट की चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत

### मोबाइल का चार्जर निकालते समय लगा झटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

केसला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोंडीपुरा मोहल्ले में सोमवार सुबह एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां घर में मोबाइल चार्जर निकालते समय करंट की चपेट में आने से एक 30 वर्षीय युवक की असमय मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रंजीत धुर्वे 30 वर्ष, पिता जीवन लाल धुर्वे, निवासी गोंडीपुरा, केसला के रूप में हुई है। सोमवार सुबह रंजीत अपने घर में मोबाइल का चार्जर बोर्ड से निकाल रहा था, तभी वह अचानक तेज करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह अचेत होकर गिर पड़ा। परिजन और आसपास के लोग उसे तुरंत उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सुखतवा लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना पड़ोसी ललित इरपाचे 40 वर्ष पिता लालसिंह इरपाचे ने केसला थाने में दी गई। सूचना मिलते ही केसला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कराया। अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। केसला थाना पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और विस्तृत जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

### किसानों से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर उर्वरक लेने की अपील

**नर्मदापुरम।** उपसंचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में जिले में यूरिया, एनपीके, टीएसपी एवं अन्य उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा उर्वरकों की किसी प्रकार की कमी नहीं है। किसान ई-विकास पोर्टल से बुकिंग कर उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

## राज्य शिक्षा केंद्र ने बढ़ाई तिथि, जारी किए नवीन निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शिक्षा के अधिकार कानून अंतर्गत शैक्षणिक सत्र के लिए निजी स्कूल नवीन मान्यता एवं मान्यता के नवीनीकरण के लिए 10 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा, स्कूल शिक्षा विभाग ने अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण एवं नवीन मान्यता के लिए निर्धारित तिथि को बढ़ा दी है। इस संबंध में निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। निजी विद्यालय विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथि तक अपने आवेदन ऑनलाइन कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि, पूर्व में निजी विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण एवं नवीन मान्यता के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी निर्धारित थी, लेकिन इस अवधि तक अनेक अशासकीय विद्यालयों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में आवेदन नहीं किए जा सके थे। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए निजी विद्यालयों को यह अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा जारी निर्देशों में यह स्पष्ट किया है कि 10 जुलाई के बाद आवेदन की अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी

## ग्राम पंचायत दमदम में स्वच्छता अभियान के तहत की गई नाले नालियों की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत दमदम में व्यापक स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य संरक्षण तथा वर्षा ऋतु के दौरान जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से गांव के सभी वार्डों में साफ-सफाई का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। यह अभियान सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक के संयुक्त मार्गदर्शन एवं सतत निगरानी में संचालित हो रहा है। अभियान के अंतर्गत गांव की छोटी-बड़ी नालियों की गहन सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाया जा रहा है, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। साथ ही सार्वजनिक स्थलों, गलियों एवं अन्य स्थानों पर जमा कचरे का नियमित रूप से



संग्रहण एवं सुरक्षित निष्पादन किया जा रहा है, जिससे स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित हो सके। ग्राम पंचायत द्वारा मानसून के दौरान डेंगू, मलेरिया, हैजा सहित अन्य मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए समय रहते आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। पंचायत प्रशासन द्वारा ग्रामीणों से भी अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई।

## शासकीय भूमि से कथित अवैध मिट्टी के उत्खनन पर कार्रवाई जारी, जेसीबी पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के रैनीपानी क्षेत्र स्थित पापड़पानी में शासकीय भूमि से कथित अवैध मिट्टी उत्खनन के मामले में प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन ने मंगलवार को ग्राम पंचायत मंगरिया के सचिव भगवानदास रघुवंशी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले खनिज विभाग भी इस मामले में कार्रवाई करते हुए जेसीबी जब्त कर जुर्माना लगा चुका है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मंगरिया के अंतर्गत मंगरिया मुख्य मार्ग से पापड़पानी गांव के अंतिम छोर तक करीब एक किलोमीटर लंबी सड़क के शोल्डर भरने के लिए मिट्टी डलवाई गई थी। आरोप है कि यह मिट्टी बिना अनुमति शासकीय चरनोई भूमि से जेसीबी के जरिए निकाली गई। संबंधित भूमि पर वर्तमान में एक स्थानीय किसान खेती करता है, लेकिन उत्खनन के लिए किसी सक्षम प्राधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी।

बताया जा रहा है कि जिस सड़क पर मिट्टी डाली गई, वह एक निर्माणाधीन निजी रिसॉर्ट की ओर जाती है। मामले के सामने आने के बाद प्रशासन ने इसकी जांच कराई।

तत्कालीन सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने 25 मई को नायब तहसीलदार, हल्का पटवारी और खनिज निरीक्षक की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई। माप-जोख के दौरान करीब 43 मीटर लंबाई, 20 मीटर चौड़ाई और 0.5 मीटर गहराई तक कुल 430 घन मीटर मिट्टी का अवैध उत्खनन पाए जाने की बात सामने आई।

## मूंग खरीदी को लेकर किसानों का प्रदर्शन जारी, सरकार की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी नीति के विरोध में भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दोपहर में पीपल चौक पर किसानों ने मध्य प्रदेश शासन और प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए यज्ञ किया। सड़क पर यज्ञ कुंड बनाकर आहुतियां दी गईं। किसानों ने 100 प्रतिशत मूंग खरीदी, यूरिया और डीएपी की उपलब्धता तथा कृषि मंत्री को सद्बुद्धि देने की कामना की।

भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार से शुरू हुआ है। पहले दिन किसानों ने सभा की और जेल भरो आंदोलन भी किया। किसान केंद्रीय जेल पहुंचे और सभी को जेल में बंद करने की मांग की। बाद में अधिकारियों ने उन्हें समझाकर वापस भेज दिया। इससे पहले किसानों ने एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह को बेशर्म का पौधा भी भेंट किया था।

धरना स्थल पर किसान लगातार डटे हुए हैं। अलग-अलग तहसीलों के किसान बारी-बारी से एक दिन और एक रात धरने पर रुक रहे हैं। सोमवार रात बारिश होने के बावजूद किसान वाटरप्रूफ टेंट में रुके रहे। उन्होंने वहीं खाना बनाया, भोजन किया और रात भी वहीं बिताई। मंगलवार को इटारसी और नर्मदापुरम के किसान धरने में शामिल रहे।

## 6 वर्षीय मासूम से 16 वर्षीय नाबालिक ने किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना सोमवार दोपहर की है। रेप करने वाला 16 साल का पीड़िता के मोहल्ले में रहने वाला है।

घटना के वक्त बच्ची घर पर अकेली थी। उसने अपनी मां को सारी बातें बताई। फिर मां अपनी बच्ची को लेकर सोहागपुर थाने पहुंची। पुलिस ने नाबालिग बाल अपचारी को हिरासत में लेकर POCSO एक्ट और रेप की धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी उसी मोहल्ले का रहने वाला बताया जा रहा है। उसे हिरासत में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई किशोर न्याय बोर्ड के माध्यम से की जाएगी।

पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण और इलाज कराया। पीड़िता के साथ रेप की घटना के बाद आरोपी भाग गया, जब पीड़िता की मां घर लौटी तो उसने रोते हुए उसके साथ हुई पीड़ा को बताया। फिर मां बेटी को सोहागपुर थाने लेकर पहुंची और केस दर्ज कराया। एसडीओपी संजू चौहान ने बताया पीड़िता की उम्र 6 साल और बाल अपचारी की उम्र 16 साल है। पीड़िता के मोहल्ले में ही आरोपी रहता है। मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है। दोषी को कानून के अनुसार सख्त सजा दिलाई जाएगी।

## कन्या शाला सूरजगंज में अटल टिंकरिंग लैब का लोकार्पण, छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय पीएम श्री शासकीय कन्या शाला, सूरजगंज में मंगलवार को अटल टिंकरिंग लैब का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने छात्राओं को साइकिल व स्कूल बैग भी वितरित किए।

कार्यक्रम में अतिथियों ने शिक्षक महेश कुमार मालवीय से इस नई लैब की कार्यप्रणाली समझी, जो छात्राओं में विज्ञान, तकनीक और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ाने में मददगार साबित होगी। इसके पश्चात अतिथियों ने शिक्षकों के साथ बैठक कर स्कूल





की वर्तमान समस्याओं पर चर्चा की। विधायक डॉ. शर्मा और नपा अध्यक्ष चौरे ने इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण और स्कूल के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। संस्था के प्राचार्य विनय कुमार सोनिया और समस्त स्टाफ ने विद्यालय परिसर में जलभराव की समस्या हल करने (सड़क निर्माण) और जर्जर कमरों की मरम्मत कराने जैसे पूर्व विकास कार्यों के लिए विधायक डॉ. शर्मा व विधायक प्रतिनिधि जसबीर सिंह छाबड़ा का विशेष आभार जताया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जय किशोर चौधरी, कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहीं अनुराधा मिश्रा, व्यवस्थापक महेश कुमार रायकवार, खेल शिक्षक विनोद दुबे सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

## कलचुरी समाज ने विधायक व टीआई से की सौजन्य भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हैहय क्षत्रिय कलचुरी (कलार) समाज, इटारसी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शनिवार को क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा और सिटी थाने के नवागत थाना प्रभारी सौरभ पांडेय से सौजन्य भेंट की। समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार मालवीय के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक कार्यालय और सिटी थाने पहुंचकर दोनों गणमान्य अतिथियों को अपना परिचय दिया। इस दौरान सामाजिक बंधुओं ने माननीय विधायक और नवागत टीआई को मिठाई खिलाकर तथा पुष्पगुच्छ व फूलमालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक प्रकाश मालोनिया, हास्य कवि राजेंद्र मालवीय, उपाध्यक्ष राकेश राय, सचिव विनीत चौकसे, कोषाध्यक्ष अजय चौकसे, पार्षद रेखा मालवीय, महिला मंडल अध्यक्ष छाया मालवीय आदि मौजूद रहे।

## शहर की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटीं सीएमओ

# देर रात और अलसुबह सड़कों पर उतरीं सीएमओ सुरेखा जाटव गंदगी फैलाने पर 'आर के एसोसिएट्स' को नोटिस और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के निर्देशन में इटारसी की नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव ने पदभार ग्रहण करते ही शहर की सूरत बदलने के लिए कमर कस ली है। शहर की स्वच्छता और अतिक्रमण मुक्ति को अपनी शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए सीएमओ खुद धरातल पर उतर आई हैं। ग्राउंड जीरो पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए वे देर रात और अलसुबह लगातार औचक निरीक्षण कर रही हैं, जिससे लापरवाह कर्मचारियों और नियम तोड़ने वालों में हड़कंप मच गया है।

### दुकानदारों को दी समझाइश

अक्सर यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि कई व्यापारी रात में दुकान बंद करते समय अंदर की सफाई तो करते हैं, लेकिन सारा कचरा मुख्य



सड़क पर ही फेंक देते हैं। इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए सीएमओ सुरेखा जाटव ने बीती रात पटवा लाइन, कपड़ा बाजार और जवाहर बाजार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि नगर पालिका की कचरा गाड़ी शाम को विशेष रूप से बाजार क्षेत्र में आती है, इसलिए कचरा केवल गाड़ी में ही डालें। यदि कोई सड़क पर गंदगी फैलाते पाया गया तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

### जानीं जमीनी समस्याएं

स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए सीएमओ मंगलवार को तड़के ही वार्डों के निरीक्षण पर निकल पड़ीं। जब सफाई कर्मी अपनी ड्यूटी की शुरुआत कर रहे थे, ठीक उसी समय (अलसुबह) सीएमओ ने वार्ड क्रमांक 21 और 24 का सघन दौरा किया।

इस निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद कन्हैयालाल मिहानी, नाजिया खान और शहबाज खान भी उनके साथ मौजूद रहे। सीएमओ ने पार्षदों की मौजूदगी में वार्ड की सफाई व्यवस्था और निर्माणाधीन सड़कों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों और ठेकेदारों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान पार्षदों ने भी अपने-अपने वार्डों में नाली, सड़क और अन्य जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने की मांग रखी।

## अतिक्रमण मुक्त भूमि पर किया जाएगा वृहद पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर श्री मिश्रा से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में एसडीएम सिवनीमालवा विजय राय के मार्गदर्शन में सोमवार को राजस्व एवं प्रशासनिक टीम द्वारा अनुविभाग सिवनी मालवा के ग्राम चापड़ाग्रहण स्थित शासकीय विद्यालय की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। एसडीएम सिवनीमालवा राय ने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का उपयोग अब जनहित में किया जाएगा। कलेक्टर के निर्देश पर इस पूरी भूमि पर 'नवांकुर अभियान' के तहत बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा एवं तैयार योजना के तहत यहां सीड बॉल रोपण और सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि राजस्व विभाग निरंतर रूप से शासकीय भूमिका सीमांकन सुनिश्चित करते हुए अवैध अतिक्रमण पाए जाने पर त्वरित रूप से हटाए जाना की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप

### महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सारणी।** थाना सारणी पुलिस ने महिला के साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 जुलाई 2026 को थाना क्षेत्र की एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि शेख हारून मंसूरी नामक व्यक्ति ने शराब पीने के लिए उससे एक हजार रुपये की मांग की। रुपये देने से इनकार करने पर आरोपी ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसका सीना पकड़ लिया तथा बुरी नियत से उसकी कुर्ती खींच दी, जिससे वह फट गई। घटना के बाद पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना सारणी में आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे एवं एसडीओपी सारणी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शेख हारून पिता अब्दुल अजीज (32 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक-3, सारणी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक सुनील गौर एवं प्रीति पालेवार और सुभाष मंडलोई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### नगर पालिका में विशेष राजस्व वसूली शिविर 10 जुलाई को

**सारनी।** नपा क्षेत्र में विशेष राजस्व वसूली शिविर का आयोजन शुक्रवार 10 जुलाई 2026 को किया गया है। इसमें चालू टैक्स जमा किए जाने पर नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हितेश शाक्य ने बताया कि संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, विकास उपकर एवं जलकर बकायदारों को टैक्स जमा किए जाने हेतु उक्त शिविर शुक्रवार 10 जुलाई को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें टैक्सधारी चालू संपत्तिकर की अग्रिम राशि एकमुश्त जमा करते हैं तो उन्हें 5 प्रतिशत छूट एवं चालू जलकर जमा किए जाने पर 10 प्रतिशत की छूट नियमानुसार प्रादन की जाएगी।

### जिला अस्पताल में सेवानिवृत्ति के बाद नहीं हुई पदस्थापना, मरीजों की जेब हो रही हल्की

# ढाई साल से रेडियोलॉजिस्ट नहीं, निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों के भरोसे सोनोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला अस्पताल बिना रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के संचालित हो रहा है, यहां जो रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ थे, वह सेवानिवृत्त हो चुके है, तब से लेकर वर्तमान तक नये रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो पाई है। जिस समय डॉक्टर के सेवानिवृत्ति की तिथि नजदीक थी, उस समय से अस्पताल प्रबंधन ने रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की मांग कर रहा है। लेकिन नये डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो सकी। जिससे मरीजों को सोनोग्राफी कराने में दिक्कते हो रही है।

हालात यह है कि जिला अस्पताल में पेट से संबंधित मरीजों को सोनोग्राफी कराने के लिए निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ रहा है, जहां मरीजों को प्रति सोनाग्राफी के 800 से 1000 रूपये चुकाने पड़ रहे है। बता दे कि जिला अस्पताल में पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. ओपी यादव 31 दिसम्बर 2023 को रिटायर हो गए। उनके रिटायरमेंट के ढाई साल बाद भी जिला अस्पताल में नए डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हो सकी, जिससे अस्पताल में सोनोग्राफी का कार्य प्रभावित हो रहा है।

### केवल गर्भवती महिलाओं की हो रही सोनाग्राफी

जिला अस्पताल में केवल दो महिला डॉक्टर द्वारा इमरजेंसी में गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है, इसके अलावा अतिरिक्त मरीजों की सोनोग्राफी जांच नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन 500 से एक हजार से अधिक मरीज इलाज कराने आते है। ऐसे में डॉक्टर जिन्हें पेट संबंधी परेशानी है, उन्हें सोनोग्राफी कराने की सलाह देते है, लेकिन जिला अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को शहर के प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर जाना पड़ता है। जहां मरीजों की जेब हल्की हो रही है। यहां सोनोग्राफी के मरीजों को 800 से 1000 रूपये चुकाने पड़ रहे है।



### शासन को कई बार कराया अवगत, नहीं हुई पदस्थापना

जिला अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य विभाग भोपाल को पत्र के माध्यम से कई बार रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने की जानकारी दी। लेकिन विभाग की तरफ से भी अभी तक कोई जवाब नहीं आया है कि कब तक डॉक्टर की पदस्थापना होगी। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर रिटायर होने वाले थे, उसके एक पखवाड़े पहले से ही पत्र जारी किया और डॉक्टर की मांग की थी। इसके बाद भी अनेको बार पत्राचार किया, किन्तु रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर की पदस्थापना नहीं हुई है। जिससे लोगों के साथ-साथ डॉक्टरों की भी परेशानी बढ़ गई है कि वे मरीज के सही उपचार के लिए सोनोग्राफी नहीं करवा रहे है। बिना सोनोग्राफी के जांच करना या निजी सेंटरों से सोनोग्राफी करवाने की सलाह देना डॉक्टरों के लिए भी परेशानी का कारण बन गया है।

#### इनका कहना है

जनरल सोनोग्राफी के लिए कोई डॉक्टर नहीं है। गर्भवती महिलाओं की सोनाग्राफी के लिए दो महिला डॉक्टरों को नियुक्त किया गया है, जो गर्भवतियों की सोनोग्राफी करने में प्रशिक्षित है।

\- डॉ. जगदीश घोरे,
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, बैतूल

### गरीब मरीजों पर पड़ती है आर्थिक मार

जिला अस्पताल में निःशुल्क सोनोग्राफी की जाती है, लेकिन यहां डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को निजी सेंटरों पर सोनोग्राफी करवानी पड़ रही है। जिसमें सबसे अधिक आर्थिक मार गरीब वर्ग के मरीजों पर पड़ती है। जहां पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए उनको 800 से 1000 रुपए चुकाना होते हैं। यही सोनोग्राफी जिला अस्पताल में निःशुल्क हो जाती थी। कई लोगों के पास रूपए नहीं होने पर सोनोग्राफी तक नहीं करवा पा रहे है। लेकिन अभी अस्पताल में नये रेडियोलॉजिस्ट को लेकर कोई ठिकाना नहीं है। कब तक नए डॉक्टर अस्पताल को मिलेगा, यह बताना भी अभी संभव नहीं है।

### बरसात में बढ़ जाती है पेट संबंधी बीमारियां

बरसात के मौसम में बीमारियों का ग्राफ तेजी से ऊपर चढ़ता है। खासकर पेट संबंधी बीमारियों से ग्रसित लोग अस्पताल पहुंचे है। इन मरीजों को सोनोग्राफी कराने की सलाह तो डॉक्टरों द्वारा दी जाती है, लेकिन जिला अस्पताल में सामान्य मरीजों की सोनोग्राफी नही होने की वजह से मरीजों को निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर जाकर सोनाग्राफी करना पड़ता है। अभी जिला अस्पताल में ओपीडी करीब 600 से ऊपर रोजाना रहती है। यहां जिला मुख्यालय के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के मरीज भी अपना उपचार करवाने पहुंचते है। लेकिन अस्पताल में आवश्यकता अनुरूप डॉक्टर की उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को परेशान होना पड़ता है और अक्सर अस्पताल की व्यवस्थाएं बिगड़ती है, वह अलग है।

### गंदगी से फैल रही बीमारी

## स्वामी विवेकानंद वार्ड के वार्डवासी नाली और सड़क के लिए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



वार्ड नंबर 11 स्वामी विवेकानंद वार्ड के रहवासी नाली-सडक़ के लिए परेशान हो रहे है। उन्होंने बताया कि वार्ड जब से बना हुआ है तबसे अभी तक वार्ड में ना तो नाली निर्माण कार्य और ना ही सडक़ मार्ग निर्मित किया गया है। वार्ड वासियों का कहना है की चुनाव के समय केवल वोट लेने के लिए सारे वादे पूरे करने की बात कही जाती है, परंतु कभी वादे पूरे नहीं करते। वार्ड वासी परेशानियों में अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। नाली और रोड की समस्या होने के कारण यहां पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे मच्छर के कारण बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

### अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सारणी।** महिलाओं के विरुद्ध साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए सारणी पुलिस ने एक महिला के नाम से फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर अश्लील फोटो और आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 5 जुलाई 2026 को थाना सारणी में शिकायत प्राप्त हुई थी कि एक महिला की अश्लील फोटो तैयार कर उसके नाम से फर्जी फेसबुक और इंस्टाग्राम आईडी बनाई गई है तथा उन आईडी के माध्यम से आपत्तिजनक सामग्री अपलोड कर वायरल की जा रही है। शिकायत के आधार पर थाना सारणी में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 212/2026 के तहत आईटी एक्ट की धारा 67, 67(ए) एवं बीएनएस की धारा 316(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे तथा एसडीओपी सारणी प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य जानकारियों के आधार पर आरोपी की तलाश की। जांच के दौरान 7 जुलाई 2026 को आरोपी विनय पिता सेनापति सिंदूर (33 वर्ष), निवासी सुपर एफ, सारणी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त कर न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल इनवाती, उप निरीक्षक प्रीति पालेवार, आरक्षक सुभाष मंडलोई एवं मोहित भाटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े साइबर अपराधों के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### 6 हजार के जुर्माने से किया दंडित

## बहुचर्चित हत्याकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विशेष न्यायाधीश रईस खान सहाब ने महदगांव में हुई हत्या के एक मामले में आरोपीगण को दोषी पाते हुए उन्हें आजीवन कारावास और अर्थदंड से दण्डित किया है। प्रकरण में उपनिदेशक राजकुमार उईके एवं सहायक निदेशक सत्य प्रकाश वर्मा के निर्देशन मे शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक शशिकांत नागले ने सशक्त पैरवी की थी। 15 मार्च 2022 को फरियादी मीनाक्षी उइके ने थाना कोतवाली बैतूल में रिपोर्ट लिखवाई कि उसके परिवार में मां और 4 बहने, घर जवाई लंकेश, राखी का पति विकास है।

वह तीसरे नंबर की है। चौथे नंबर की गरिमा है। उसके पिता गोमा ने उन्हें छोडक़र ग्राम कनारा में दूसरा विवाह कर लिया है। उसका गांव के प्रियेश चौबे से 2 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसकी जानकारी चिकू के दोस्त राहुल को है। दिनांक 14 मार्च 2022 को रात करीब 9.00 बजे वे लोग खाना खाकर सो गए थे। मुनिया बाई, गरिमा तथा मनकोबाई एक कमरे में सो रहे थे, वह ममेरे भाई आशिक और सुनीता के देवर छोटू सरियाम के साथ बाजू वाले कमरे में सो रही थी तथा उसके बाजू वाले कमरे में सुनीता और लंकेश सो रहे थे, तभी चिकू का दोस्त राहुल एक मोबाईल लेकर आया और उसे खिडक़ी पर बुलाकर बोलने लगा कि चिकू ने भेजा है, उससे बात कर लेना और मोबाईल खिडक़ी पर रखकर चला गया। मोबाईल की घंटी बजने पर उसने मोबाईल पर चिकू से बात किया, चिकू बोला मुझ से बात कर तेरी किससे शादी जुड रही है, उसका नंबर दे और फोन पर ही गालियां देने लगा, मोबाईल कटने के बाद वह सो गयी। रात करीब 1.00 बजे चिकू उसके घर की खिडक़ी के पास आया और एक छोटा पत्थर मारकर उसे जगाया और बोला की तेरी बहन जीजा का नंबर लाकर दे, नंबर न ला सकी, तो चिकू उसे गंदी-गंदी गालियां देने लगा। उसी समय चिकू ने अपने दोस्त रितेश, मोटू महाराज को वहां बुलाया तो उसने चिकू का मोबाईल वापस कर दिया और चिकू के पिता से फोन पर बोला चिकू को घर लेकर जाओ। थोड़ी देर बाद माया वहां आयी और उसके जीजा लंकेश की कॉलर पकड़ ली, रितेश ने लंकेश को पीछे से थप्पड़ मुक्को से मारा, कमरे में सो रहे आशिक और छोटू भी उठ गये, तब अभियुक्तगण चिकू, माया, रितेश तथा मोटू चारों अभियुक्तगण उनके घर के अंदर घुस गये और चाकू से छोटू के गले में मारा और उसे खीचकर बाहर निकाला और पानी के टाके में गिरा दिया। छोटू को छुड़ाने की कोशिश करने पर लंकेश को भी चाकू से मारा, जो उसके सीने में लगा, सुनीता ने बचाव करने की कोशिश की, तो उसे चाकू से बांये हाथ मे चोट आयी, उसने बचाने की कोशिश की, तो चिकू ने गर्दन मे चाकू से मारा। फरियादीगण की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर घटना में छोटू की मृत्यु हो जाने से तथा लंकेश का प्राणघातक चोटें होने से अपराध का अनुसंधान करते हुए चालान अभियुक्तगण के विरूद्ध न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। बहुचर्चित हत्याकांड के इस मामले की सुनवाई करते हुए माननीय विशेष न्यायाधीश ने हत्या करने वाले आरोपीगण चिकू उर्फ प्रियेश, माया एवं रितेश सोनारे सभी निवासी ग्राम महदगांव, थाना कोतवाली को दोषी पाते हुए धारा 302/34 भादवि आजीवन कारावास, 307/34 भादवि में 7 वर्ष व धारा 450 भादवि में 5 वर्ष सश्रम कारावास तथा कुल 2,000-2,000रूपए, कुल 6,000 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## पैसों के लेन-देन में प्रताड़ना से आत्महत्या मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी

पैसों के लेन-देन को लेकर एक युवक को लगातार प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सारणी पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में अब तक चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक बैतूल के निर्देशन में गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सारणी पुलिस को यह सफलता मिली है। पुलिस के अनुसार 4 मई 2026 को सारणी के सुपर डी-358 निवासी रोहित विश्वकर्मा (36) की अप्राकृतिक मृत्यु की सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान घटनास्थल से दो सुसाइड नोट, तीन पत्र और एक डायरी बरामद की गई। साक्ष्यों, दस्तावेजों और गवाहों के बयानों के आधार पर यह सामने आया कि मृतक को पैसों के लेन-देन के विवाद को लेकर कई लोगों द्वारा लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोपियों द्वारा उसे झूठे प्रकरण में फंसाने और जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही थीं। पुलिस का कहना है कि इसी मानसिक दबाव और प्रताडऩा के कारण रोहित विश्वकर्मा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में थाना सारणी में संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान पहले लक्की उर्फ ललित मालवीय तथा दीपक कुशवाह को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, सोमवार को पुलिस ने प्रकरण के एक अन्य आरोपी मयूर पाल (27) निवासी गणेश चौक, कोठी बाजार, बैतूल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार प्रकरण में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।



### सरकारी अस्पतालों में प्रसव की सभी सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क

**बैतूल।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं को प्रसव से संबंधित सभी स्वास्थ्य सेवाएं शासकीय जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी पर पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी जांच, खून एवं पेशाब की जांच, सोनोग्राफी, सामान्य एवं जटिल प्रसव, सीजर ऑपरेशन सहित प्रसव से जुड़ी सभी चिकित्सीय सेवाएं तथा प्रसव परिवहन सुविधा भी पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जाती है। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यदि कोई शासकीय कर्मचारी, प्रसव परिवहन सेवा से जुड़े वाहन चालक या अन्य कर्मचारी गर्भवती महिला अथवा उनके परिजनों से किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग करता है, तो इसे पूर्णतः अवैध माना जाएगा। ऐसे मामलों में तत्काल शिकायत दर्ज कर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ जगदीश घोरे ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के लिए नंबर जारी किये हैं।

## 15 दिवसीय प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने सीखा एआई का उपयोग



### डायबिटीज मरीजों व खिलाड़ियों के लिए उपयोगी होगा ऐप

**बैतूल।** शासकीय सांदीपनि कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल बाजार के विद्यार्थियों ने तकनीक के क्षेत्र में एक विशेष उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की छात्रा मयूरी पद्माकर, रूपाली पवार, फाल्गुनी साहू और भाग्यश्री भारती पवार ने 15 दिवसीय एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स प्रशिक्षण का लाभ उठाकर एक एआई स्टूडियो पर सोल मेट ऐप तैयार किया है। यह ऐप जूतों की वैज्ञानिक एवं सटीक जानकारी प्रदान करता है, जो मुख्य रूप से डायबिटीज के मरीजों और खिलाड़ियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है। इस 15 दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को चैटजीपीटी, क्लाउड और जैमिनी जैसे आधुनिक एआई टूल्स पर व्यावहारिक कार्य करना सिखाया गया एवं नोटबुकएलएम द्वारा विद्यार्थियों ने क्विज बनाना सीखा। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को यह भी समझाया गया कि एआई टूल्स का उपयोग करते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। उन्हें जागरूक किया गया कि वे अपना पर्सनल डाटा और फोटो आदि कभी भी इन प्लेटफॉर्म्स पर शेयर न करें, क्योंकि एआई हमेशा शत-प्रतिशत सटीक जानकारी नहीं देता है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि आने वाले समय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं को समय-समय पर ऐसा 15 दिनों का एआई प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं ध्यान पूर्वक सुनीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, बिजली, पानी सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान उन्होंने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम विष्णुपुर निवासी रंजा ने निस्तार तालाब तोडऩे की कोशिश और अवैध अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने शाहपुर एसडीएम को तत्काल निरीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई में दोबारा न आना पड़े। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम कुंड बकाजन निवासी अलकेश यादव ने घर से मुख्य सडक़ तक आने-जाने के लिए पक्का सडक़ निर्माण कराए जाने के लिए आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने जिला पंचायत के संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। शाहपुर तहसील निवासी चांदनी द्वारा पट्टा प्रदाय किए जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने शाहपुर एसडीएम को जांच कर आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। वहीं बैतूल निवासी सुनीता द्वारा बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने के आवेदन पर कलेक्टर ने एसडीएम और संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।



### अवैध कब्जे को हटाने के निर्देश

जनसुनवाई में प्रभात पट्टन तहसील के ग्राम दतोरा निवासी गीता नागले ने अनावेदक द्वारा शासन के आदेशों का उल्लंघन कर पुनः भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने प्रभात पट्टन तहसीलदार को जांच कर शीघ्र आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम चुनालोमा निवासी कुंदनलाल राठौर द्वारा पैत्रक कृषि भूमि पर कृषि कार्य नहीं करने के आवेदन पर कलेक्टर ने भैंसदेही के संबंधित एसडीओ को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में ग्राम अंधारिया निवासी अखिलेश ने ससाबड़ से अंधारिया मार्ग की जांच करने तथा डायवर्सन के संबंध में आवेदन दिया जिस पर कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी को जांच कर प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। आमला बोडख़ी निवासी राजन कुमार गोह ने कृषि भूमि पर अनावेदक द्वारा रोड, नाली निर्माण किए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित आमला एसडीओ को आवेदक की समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम बोरगांव बोरदेही निवासी तुलसीराम के आवेदन पर कलेक्टर ने आमला तहसीलदार को स्थगन आदेश का पालन कराए जाने के निर्देश दिए। बैतूल तहसील के ग्राम बरसाली निवासी किशन यादव ने रजिस्ट्री पर रोक लगाने और नकल दिलवाने के लिए आवेदन दिया।



## सेफ क्लिक-2.0 साइबर सेफ्टी वॉक निकली

### 500 से ज्यादा लोगों ने लिया संकल्प

**बैतूल।** मंगलवार की सुबह, साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सेफ क्लिक-2.0 अभियान के तहत साइबर सेफ्टी वॉक का आयोजन बैतूल पुलिस ने किया। पुलिस द्वारा आयोजित इस वॉक में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों, सिंहस्थ-2028 प्रशिक्षणार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, मीडिया प्रतिनिधियों और आम नागरिकों सहित लगभग 600 लोगों ने भाग लिया। इस वॉक को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि आपकी छोटीसी लापरवाही भी बड़े साइबर अपराध का कारण बन सकती है। उन्होंने नागरिकों से साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। वॉक शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा की शपथ ली। यह वॉक पुलिस परेड ग्राउंड से शुरू होकर जिला चिकित्सालय, मुल्ला पेट्रोल पंप, शिवाजी चौक और स्टेडियम मार्ग होते हुए निकाली गई। इस दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लेकर.. सोचें, समझें, फिर क्लिक करें और साइबर सुरक्षित रहें, साइबर अपराध से बचें, जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में बैतूल एसडीओपी अन्नपूर्णा सिरसाम, डीएसपी (अजाक) शैफा हाशमी, रक्षित निरीक्षक दिनेश मर्सकोले, थाना प्रभारी गंज निरीक्षक नीरज पाल आदि रहे मौजूद।

## खबर संक्षेप



### शिक्षक चौबे सेवानिवृत्त समारोह में दी विदाई

**खातेगांव।** 42 वर्षों तक एक ही विद्यालय में सेवा देने वाले आदर्श शिक्षक गोविंद प्रसाद चौबे सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में जन शिक्षक बलराम पुरोहित, विद्यालय के प्राचार्य सलाम व शिक्षिका सहित अनेक वरिष्ठजन हुए शामिल हुए।जियागांव विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक गोविंद प्रसाद चौबे 30 जून 2026 को 42 वर्षों की गौरवपूर्ण एवं समर्पित शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में जन शिक्षक बलराम पुरोहित, प्राचार्य सारलाम सहित क्षेत्र के अनेक वरिष्ठजन, शिक्षकगण, ग्रामीणजन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निरीक्षण

**देवास।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सेना गाडरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में निर्माणाधीन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निरीक्षण विधायक गायत्री राजे पवार ने किया। निरीक्षण के दौरान महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन तथा विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे। विधायक गायत्री राजे पवार ने विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से ट्रैक निर्माण की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने स्टेडियम में पेवेलियन भवन के निर्माण प्रस्ताव को शीघ्र मूर्त रूप देने तथा सिंथेटिक ट्रैक की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने पर भी जोर दिया। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुसार, सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक के निर्माण से देवास जिले के खिलाडियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधि बंद, 186 बीटों में गश्ती जारी ले रहे स्मार्ट स्टिक का सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में मानसून सत्र के चलते पर्यटन गतिविधियां बंद हैं। लेकिन कोर तथा बफर जोन में गश्ती बढ़ा दी गई है। ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा व अवांछित मानवीय प्रवेश पर रोक लग सके।

हरिभूमि ने मामले में मढ़ई रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर तथा बफर जोन क्षेत्र में लगातार गश्ती की जा रही है। रेंज ऑफिसर उपाध्याय के अनुसार सभी बीटों के लिए गश्ती दल बनाए गए हैं। तथा गश्ती दल में चौकीदार तथा मैदानी अमला शामिल रहता है। जो अपनी निर्धारित बीट में पैदल भ्रमण कर जंगलों में गश्ती करता है। गश्ती का उद्देश्य वन, वन संपदा एवं वन्यजीवों की सुरक्षा का है। क्योंकि पर्यटन गतिविधियां तीन माह के लिए बंद हो गई हैं।

अतः जंगल में शिकारियों की घुसपैठ की संभावना बढ़ जाती है। इन संभावनाओं को समाप्त करने के लिए सघन गश्ती कराई जा रही है।

### 186 बीट का सफर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार रिजर्व की 186 बीटों में गश्ती का क्रम जारी है। सभी बीटों के लिए दल बनाए गए हैं, जिनमें चौकीदार सहित वनरक्षक अनिवार्य रूप से शामिल होते हैं। वहीं डिप्टी रेंजर व रेंज ऑफिसर को भी रोस्टर के आधार पर अलग-अलग दल के साथ नियमित पैदल गश्ती करनी होती है। मढ़ई रेंज ऑफिसर राहुल उपाध्याय ने बताया कि वे भी रोस्टर में अपना क्रम आने पर जंगल में कई किलोमीटर पैदल गश्ती कर्मचारियों के साथ करते हैं। यह गश्ती कोर जोन तथा बफर जोन में की जा रही है,ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा व अवांछित मानवीय प्रवेश पर रोक लग सके।

### ले रहे स्मार्ट स्टिक का सहारा




जानकारी अनुसार गश्ती दल के पास स्मार्ट स्टिक होती है, जो वन्यजीवों के संभावित हमले पर रोक लगाने में कारगर सिद्ध होती है। क्योंकि इसमें हल्का करंट होता है, हॉर्न होता है तथा रोशनी की व्यवस्था के लिए बल्ब भी लगा होता है। चार्ज की जा सकने वाली स्मार्ट स्टिक गश्ती दौरान बड़ी उपयोगी साबित होती है। यदि कोई वन्य जीव हमला करता है तो स्मार्ट स्टिक में सबसे पहले साउंड किया जाता है जो हल्का हार्न होता है। लेकिन फिर भी यदि वन्यजीव काफी करीब आ जाए तो स्विच के माध्यम से स्टिक से उसे करंट लगाया जा सकता है। इससे वन्यजीव अथवा मनुष्य को भी कोई खतरा नहीं होता।

## कृषि विभाग ने की एडवायजरी जारी, तकनीकों का उपयोग कर करें खेती

# खेतों में पर्याप्त नमी और मौसम को देखकर ही किसान खेत में करें बोवाई

मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए प्रशासन ने किसानों को जल्दबाजी न करते हुए खेतों में पर्याप्त नमी होने के बाद ही बोवाई करने की सलाह दी है। साथ ही जला प्रबंधन किये जाने की भी सलाह दी है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मौसम की अनिश्चितता के बारे में लगाए जा रहे अनुमानों के बाद भी किसान भाईयों को चिन्तित होने की आवश्यकता नहीं है। खरीफ की बुआई के लिए कुछ सावधानियां अपनाकर किसान उत्पादन में स्थिरता बनाए रख सकते हैं। कुछ जिलों में अल्प वर्षा को देखते हुए खरीफ फसलों की बोवाई में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। जब तक खेतों में पर्याप्त नमी न हो जाए, तब तक बुआई करना जोखिम पूर्ण हो सकता है। कृषक कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने वैज्ञानिकों के परामर्श से किसानों को सलाह दी है। संचालक कृषि श्री उमाशंकर भार्गव ने इस संबंध में मैदानी अमले को किसानों से सतत संपर्क करने के अधीनस्थ कार्यालयों को निर्देश जारी किए हैं। सामान्य रूप से 4 इंच यानि लगभग 1 बालिश्त की गहराई तक नमी होने तथा बतर आने के बाद बोवाई की आदर्श स्थिति मानी जाती है। वर्तमान में पूरी तरह मानसून की सक्रियता न होने के कारण बोवाई के लिए किसानों को प्रतीक्षा करने की आवश्यकता है। जिन किसान भाइयों के पास सिंचाई की पर्याप्तता हो उन्हें मृदा की उर्वरता बढ़ाने के लिये ढैंचा या सनई की बुवाई हरित खाद के रूप में करना चाहिये। जिन क्षेत्रों में पूर्व में वर्षा हुई है, वे भी हरित खाद या ग्रीन मैन्योरिंग हेतु फसलें बो सकते हैं। बुवाई के लिए तैयार खेतों में आधार खाद जैसे गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट एवं उर्वरक जैसे सुपर फॉस्फेट, म्यूरेट ऑफ पोटास और जिंक सल्फेट तथा जिप्सम आदि को खेत में बोवाई या छिड़काव द्वारा मिलाया जा सकता है।

किसान भाइयों को वर्षा जल संचय के लिए हर संभव उपाय अपनाना चाहिये। इसके लिए खेत तालाबों, पोखर, सोक्ता पिट्, कुओं आदि में जल को रोकने का प्रबंध करना चाहिये। जल भराव वाले खेत के हिस्से में पानी रोकना तथा कुओं और नलकूपों को रिचार्ज करना भी वर्ष भर पानी उपयोग करने की दृष्टि से उपयोगी होगा। खरीफ फसलों में इंटर क्रापिंग या अंतरवर्ती खेती की सलाह भी दी गई है। एक ही खेत में एक से अधिक फसलें साथ बोना और एक फसल की एक से अधिक किस्में बोने से किसी भी संभावित जोखिम में कमी आती है। इसके अतिरिक्त किसानों को फसल बीमा करवाने की सलाह भी दी गई है। कृषि सलाह के अनुसार विभिन्न प्रसार माध्यमों से किसानों को मौसम की सूचनाओं पर ध्यान देने तथा उसके अनुकूल फसल कार्य करने के लिए भी आगाह किया जा रहा है।

### किसानों हेतु एडवाईजरी

कृषि सलाह के अनुसार किसान भाई, सोयाबीन के बीज का अंकुरण परीक्षण कर 70 प्रतिशत से अधिक अंकुरण क्षमता वाले बीजों का उपयोग करें। रोग एवं कीट प्रतिरोधी उपयुक्त ऐसी किस्मों का चयन करें जिनकी जल मांग भी कम हो। इसके लिये कृषि अधिकारियों से परामर्श लेना उपयोगी होगा। बुवाई से पूर्व बीजों को फफूंदनाशकों एवं जैव उर्वरकों से उपचारित करना आवश्यक है। सोयाबीन फसल की बुवाई में जलभराव एवं सूखे के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने हेतु रिज- एंड फरो सीड ड्रिल, ब्रॉड बेड एंड फरो सीड ड्रिल अथवा हस्तचालित सीड डिब्लर का प्रयोग करना उपयोगी है। इसी प्रकार धान की बोवाई के लिए श्री पद्धति अथवा सीधी बोवाई अपनाना लाभकारी है।किसान भाइयों को वर्षा जल संचय के लिए हर संभव उपाय अपनाना चाहिये। इसके लिए खेत तालाबों, पोखर, सोक्ता पिट्, कुओं आदि में जल को रोकने का प्रबंध करना चाहिये। जल भराव वाले खेत के हिस्से में पानी रोकना तथा कुओं और नलकूपों को रिचार्ज करना भी वर्ष भर पानी उपयोग करने की दृष्टि से उपयोगी होगा। खरीफ फसलों में इंटर क्रापिंग या अंतरवर्ती खेती की सलाह भी दी गई है।

# स्टेट हाईवे के जलभराव स्थल पर दुर्घटना में राहगीर की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में सीएम राइज़ स्कूल के निर्माणाधीन भवन के सामने स्टेट हाईवे पर जलभराव स्थल के समीप सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायमी कर जांच शुरू की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार 50 वर्षीय कमल किशोर वंशकार पुत्र मोतीलाल निवासी ग्राम मड़कढाना को तीन जुलाई 2026 की दोपहर सीएम राइज़ स्कूल के समीप ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें सोहागपुर अस्पताल लाया गया। जहां से नर्मदापुरम रेफर किया गया, लेकिन कमल किशोर वंशकार की मृत्यु हो गई। नर्मदापुरम पुलिस थाने में जीरो पर एफआईआर दर्ज कर डायरी सोहागपुर थाने भेजी गई। जहां पांच जुलाई 2026 को मर्ग कायमी की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों अशोक रैकवार तथा अंसार अली ने बताया कि तीन तारीख की दोपहर कमल किशोर पैदल आ रहा था। तभी गड्ढों से होते हुए आए ट्रेक्टर की टक्कर कमल किशोर को लग गई और वह गिर गया। सोहागपुर अस्पताल से कमल किशोर को नर्मदापुरम रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई। नागरिकों में इस बात की नाराजगी है कि उक्त स्थल सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है, लेकिन प्रशासन, पक्ष तथा विपक्ष मौन हैं। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि द्वारा भी उक्त समस्या को लेकर समाचारों का प्रकाशन किया जा रहा है।

# 25% मूंग खरीदी नहीं करने देंगे कांग्रेस कमेटी का हल्ला बोल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में लगातार 25% मूंग खरीदी गई तो कांग्रेस कमेटी के द्वारा संबंधित मामले में हल्ला बोल किया जा रहा है। इसके लिए मंगलवारा बजार शोभापुर रोड पर स्थित एक निजी होटल के पास अन्न दाता के द्वारा हल्ला बोल किया गया। उसके बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस कमेटी के किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष , जिला अध्यक्ष संसदीय क्षेत्र प्रभारी किसान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष ब्लाक अध्यक्ष नगर कमेटी अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने बताया कि क्रषि प्रधान भारत के किसानों को अन्न दाता कहा गया है। लेकिन उतनी ही दुर्दशा हो रही है।मूंग मध्यप्रदेश सरकार द्वारा केवल 25%खरीदी का आदेश दिया था।लेकिन अभी वर्तमान में सामने आया है कि क्रषि मंत्री कंसाना के द्वारा केंद्र सरकार की अनुमति से 40% कर दिया गया है। लेकिन कांग्रेस कमेटी उसे उजागर नहीं कर रहे हैं। ऐसे प्रतीत हो रहा है। हल्ला बोल में पिपरिया ब्लाक, बनखेड़ी विकास खण्ड मटकुली पचमढ़ी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा किया गया। तथा 7सुत्रीय मांगों को लेकर राज्य पाल के नाम तहसीलदार वैभव बैरागी को ज्ञापन सौंपा गया।विशाल रैली निकाली गई।एम एस पी तथा 100% मूंग खरीदी की मांग की गई।प्रदेश अध्यक्षएवं संसदीय क्षेत्र प्रभारी धर्मेन्द्र चौहान संजय शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन में मांग नहीं मानी तो उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान हरीश बेमन वीरेंद्र वेलवंशी कमलेश साहु चिंकू उदय सिंह राजपूत धर्मेन्द्र नागवंशी , कमलेश चौधरी दीप सिंह छाबड़ा सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ सैंकड़ों की तादाद में लोग उपस्थित रहे। महिला मोर्चा कांग्रेस कमेटी सेवा दल एन एस यू आइ युवक कांग्रेस कमेटी की उपस्थिति में कार्यक्रम संचालन सुनीत पुरोहित ने किया।

# नप सोहागपुर में स्थानीय समस्या निराकरण की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर की समस्याओं के निराकरण एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा के उद्देश्य से सोहागपुर नप में मंगलवार को परिचर्चा बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता नप अध्यक्ष लता यशवंत पटेल ने की। बैठक में स्थानीय समस्या जैस पेयजल, स्वच्छता, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, आवास सहित अन्य जन सुविधाओं से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल एवं सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा उनके शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण का आश्वासन दिया। बैठक में नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षदगण धर्मदास बेलवंशी, आशीष मालवीय, भास्कर मांझी, एल्डरमैन नितिन कहार, राकेश मंडल, पार्षद प्रतिनिधि जगदीश अहिरवार, मोहन कहार, दीपक साहू, उपयंत्री बृजेश खानोरकर, दयाशंकर कुड़मी, सरला सनकत, संजय परसाई एवं रजनी ठाकुर उपस्थित रहे ।

# प्रधानमंत्री पोषण एवं शक्ति निर्माण के अंतर्गत स्व सहायता समूहों के मध्य हुआ कॉम्पटीशन

## प्रथम आने वाले स्व सहायता समूह को मिला राशि 5000 का चेक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के लगभग 13 स्व सहायता समूह संचालक अध्यक्ष सचिव के द्वारा जो मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत शासकीय विद्यालयों में संचालन लंबे समय से किया जा रहा है। लेकिन अभी तक कोई सुधार बच्चों की सेहत में नहीं मिलता है। विकास खण्ड स्तरीय शासकीय शालाओं में मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत को चलाने वाले स्व सहायता समूह संचालक के रसोईया का कुकिंग कांमपीटीशन का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में संचालित छात्रावास में किया गया। जिसके मुख्य आयोजक जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी भी आर सी प्रदीप शर्मा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी लाल रघुवंशी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल विशेष अतिथि सभी पार्षदों कार्यकर्ता अधिकारी कर्मचारी महिलाओं सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी के द्वारा स्व सहायता समूह के द्वारा बनाए गए भोजन के साथ तमाम व्यंजन का स्वाद चखा गया। उसके बाद प्रथम पुरस्कार कू रुप में 5000रुपे के चैक द्वितीय को 3000के चैक तथा तृतीय स्थान पर 2000के 3 समुह को चैक एवं सांत्वना पुरस्कार में 1000के 4समुह को चैक एवं प्रमाण पत्र अतिथियों के द्वारा वितरित किये गये।

### समाजसेवी ने स्कूली बच्चों को वितरित की गणवेश



**सोहागपुर।** नगर के गुरुनानक पब्लिक स्कूल में गत दिवस रिटायर एसडीओ समाजसेवी महेश कुमार सोनी ने गरीब वर्ग के बच्चों के लिए गणवेश वितरण कार्य किया है। स्कूल प्रबंधन से जुड़े सिख समाज धर्मगुरु ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बताया कि गरीब वर्ग के बच्चों को निशुल्क गणवेश वितरित की गई है। सोनी साहब ने बताया कि वे अपनी पेंशन का आधा हिस्सा ऐसे ही जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में व्यय करते हैं। प्रतिवर्ष उनके द्वारा गुरुनानक स्कूल में सामर्थ्य अनुसार सामग्री दान की जाती है। इस दौरान पार्षद जमील खान, ज्ञानी सुरजीत सिंह, स्कूल प्रिंसिपल पूजा पुरोहित, मुकेश पुरोहित, अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## बच्चों को वितरित किए पेन, पेंसिल व अन्य शैक्षणिक सामग्री

# गोटूल केंद्र का पुनः उद्घाटन, वितरित की सामग्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

ग्राम सारादेह, विकासखंड केसला में गोटूल केंद्र का पुनः उद्घाटन समारोह उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

इस अवसर पर अखिल गोंडवाना महासभा एवं गोंडवाना कर्मचारी-अधिकारी संघ के संयुक्त सहयोग से गोटूल केंद्र में अध्ययनरत बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों को पेन, पेंसिल, रबर एवं कटर तथा कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन प्रदान किए गए। बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन तथा अपने माता-पिता, समाज और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए गोटूल केंद्रों को समाज की शिक्षा, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इस अवसर पर गोंडवाना कर्मचारी-अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष शेरसिंह सल्लाम, रामगोपाल उइके, उपाध्यक्ष किशन सल्लाम, दयाराम सरयाम, संजय कुमार टेकाम, सुरेंद्र कुमार परपंची, श्रीमती संगीता परपंची, शकराम तोमराम, सियाराम भल्ला, तिरुमाल, एमबीर सल्लाम, महाजन कुमरे, जागेश उइके, आशीष कुमार, धुरी प्रसाद परते, बाबूलाल सल्लाम, जियालाल, अखिलेश इरपचे, अंजली सल्लाम, सेहपाल सल्लाम सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सगाजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण भी किया गया तथा सभी उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### कृषक हित पर कृषि मंत्री व सांसद से की अग्रवाल ने चर्चा



**सोहागपुर।** मूंग खरीदी व्यवस्था में किसानों को परेशानी ना हो तथा रकबे की सीमा बढ़ाई जाए। यह मांग सोहागपुर निवासी भाजपा नेता तथा पर्यावरण संरक्षण संस्था के भोपाल संभाग डायरेक्टर सौरव गोलू अग्रवाल ने गति दिवस कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं सांसद दर्शन सिंह चौधरी से की है। अग्रवाल को सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बहुत गंभीरता से इस बारे में ध्यान दे रहे हैं। कुछ दिनों में किसान बंधुओं के लिए अच्छे परिणाम भी सामने आएंगे।

# बजरंग दल सेवा सप्ताह में कार्यकर्ता मंदिरों एवं चबूतरों की साफ-सफाई करने में अनवरत लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनीमालवा

बजरंग दल सेवा सप्ताह के निमित्त बजरंग दल नगर समिति ने नगर के प्रमुख मंदिरों एवं चबूतरों की साफ सफाई की ।

उक्त जानकारी देते हुए बजरंग दल नगर सह संयोजक देव बाथब ने बताया कि बजरंग दल सेवा सुरक्षा संस्कार के भाव के बीच हिंदुत्व एवं युवाओं को सबल बनाने एवं अनुशासन संस्कार युक्त बनाकर समाज के कार्यों में लगाता है। सेवा का ध्येय के साथ देश भर में 5 जुलाई से 12 तक सेवा कार्यों में मंदिरों मुक्तिधामों की साफ सफाई वृक्षारोपण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर निःशुल्क दवा वितरण करेगा । कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव




राठौर ने कहा कि सेवा ही संगठन की पहचान, राष्ट्र और धर्म की शान है। 5 जुलाई सेवा सप्ताह के निमित्त स्थानीय राठौर धर्मशाला पर एकत्रित होकर बजरंगियों ने पानी की टंकी के पीछे स्थित खेड़ापति मंदिर पुराने थाने के पीछे स्थित श्री हनुमान शिव मंदिर गणेश मंदिर एवं चबूतरों की साफ सफाई की।सेवा सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी नगर अध्यक्ष डॉ सौरभ रघुवंशी नगर मंत्री सुशील गोहर पत्रकार मुकेश धन्यासे नगर उपाध्यक्ष अशोक कुचबंदिया ग्रामीण उपाध्यक्ष कम्मू गौर रामशंकर परतें सौरभ टांक नगर सह संयोजक देव बाथब प्रतीक गोहर आदित्य गोहर हिमांशु गोहर मनीष बाधव गोल्डी गोहर राकेश केवट नैतिक विश्वकर्मा उदय बाथब के साथ ही बड़ी में कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

**खबर संक्षेप**

### फरारियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया

**हरदा।** पुलिस अधीक्षक शशांक ने दो प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित किये है। उन्होने थाना टिमरनी के अपराध फरार आरोपी मुन्नाखान पिता गफ्फार खान निवासी पोखरनी तथा थाना हंडिया के अपराध में फरार अज्ञात आरोपी की तलाश एवं पतारसी के लिये 3-3 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। जारी उद्घोषणा में कहा गया है कि जो व्यक्ति इन आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करवाएगा या ऐसी सूचना देगा, जिसके आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके, ऐसे सूचनाकर्ता को आरोपी की गिरफ्तारी के लिये इनाम की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

### अस्पताल में इंसुलिन जागरुकता कार्यक्रम

**सीहोर।** जिला अस्पताल में इंसुलिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. आर.के. सिंघल ने उपस्थित नर्सिंग अधिकारियों को इंसुलिन के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉ. सिंघल ने इंसुलिन के सही तरीके से प्रबंधन, निर्धारित मात्रा के अनुसार उपयोग तथा उसके उचित भंडारण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

भाकिसं का धरना चौथे दिन भी जारी, निकाली दंडवत यात्रा

# मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी की मांग, किसान नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला मुख्यालय की कृषि उपज मंडी में मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा। इस दौरान हंडिया तहसील के किसानों ने प्रदर्शन किया और सरकार की सद्बुद्धि के लिए दंडवत यात्रा निकाली।

किसानों ने कृषि उपज मंडी से पंच पिपलेश्वर महादेव मंदिर तक रैली निकाली। इसके बाद सड़क से मंदिर के मुख्य द्वार तक दंडवत करते हुए पहुंचे। उन्होंने भगवान महादेव से सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। किसानों का कहना है कि जिले में मूंग की औसत पैदावार 15 से 16 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। ऐसे में प्रति एकड़ 120 किलोग्राम की खरीदी सीमा उचित नहीं है। उनका कहना है कि इस



सीमा से खेती पर होने वाला खर्च भी नहीं निकल पाता। किसानों के अनुसार, कम खरीदी सीमा के कारण उन्हें बची हुई उपज मंडी में कम कीमत पर बेचनी पड़ती है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान होता है और फसल का सही दाम नहीं मिल पाता।

#### भोपाल में प्रदर्शन की चेतावनी

भारतीय किसान संघ ने कहा कि यदि मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी शुरू नहीं की गई तो आने वाले दिनों में भोपाल में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने यह भी कहा कि खरीदी की मात्रा नहीं बढ़ाई गई तो आगामी चुनाव में सरकार को इसका परिणाम भुगतना पड़ सकता है। किसानों ने खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने की मांग भी की। उनका कहना है कि केंद्र कम होने से लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे परिवहन खर्च बढ़ जाता है। वहीं तौल में देरी और स्लॉट या टोकन नहीं मिलने से उपज समय पर नहीं बिक पाती।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिध्दार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित 'जनसुनवाई' कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।


जनसुनवाई में दूधकच्छकला निवासी सिमरन ने आवेदन देकर जाति प्रमाण-पत्र बनवाने की मांग की, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा को आवेदिका की पात्रता अनुसार जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के निर्देश दिये गये। खिरकिया निवासी रामभरोस राजपूत ने सेवा निवृत्ति उपरान्त प्राप्त होने वाले स्वत्वों का भुगतान कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। ग्राम तजपुरा निवासी भगवतसिंह ने अपनी कृषि भूमि का सीमांकन कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार टिमरनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम रेसलपुर निवासी भूरी बाई ने बारिश के पानी से क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा न मिलने के संबंध में शिकायत की, जिस पर तहसीलदार हरदा को मौका जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। ग्राम बिच्छापुर निवासी महेश व कुलदीप बारवे ने शासन की योजनाओं के तहत बैंक द्वारा लोन न देने के संबंध में शिकायत की, जिस पर अग्रणी बैंक मेनेजर को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

# भाजपा मंडल ने किसानों को राहत दिलाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

भारतीय जनता पार्टी मंडल खिरकिया के अध्यक्ष संजय यादव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवांगी बघेल को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि लगातार हुई भारी बारिश से तहसील खिरकिया के अनेक गांवों में सोयाबीन सहित खरीफ फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई स्थानों पर बीज बह गए, जलभराव के कारण अंकुरण नष्ट हो गया तथा खेतों की उपजाऊ मिट्टी का भी कटाव हुआ है। साथ ही अधिकांश किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं, क्योंकि प्राकृतिक आपदा बीमा की अंतिम तिथि से पहले आ गई थी।

भाजपा ने प्रशासन से मांग की कि प्रभावित गांवों का तत्काल संयुक्त सर्वे कराया जाए। किसानों को नियमानुसार राहत राशि एवं मुआवजा दिया जाए तथा जिन किसानों का फसल बीमा नहीं हो सका है। उनके लिए शासन स्तर पर विशेष आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह राजपूत मंडल महामंत्री राजेश मीणा मंडल




उपाध्यक्ष उमेश गीते सोशल मीडिया प्रभारी संजय मीणा मंडल उपाध्यक्ष उत्तम तिवारी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पिछले 24 घंटों में जिले में 39.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई



**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 39.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 32.5 मि.मी., टिमरनी में 96.3 मि.मी., खिरकिया में 48.2 मि.मी., सिराली में 3.1 मि.मी. तथा रहटगांव में 16 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 334.8 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 362.8 मि.मी., टिमरनी में 313.9 मि.मी., खिरकिया में 382.6 मि.मी., सिराली में 295.8 तथा रहटगांव में 319.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 7 जुलाई तक 291.5 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी

चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद के फ्री ऑपरेशन किए जाएंगे

# लायंस क्लब हरदा अंबर ने निःशुल्क नेत्र शिविर के मरीजों को उपचार के लिए भोपाल रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

लायंस क्लब हरदा अंबर एवं सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित हुआ। इसके अंतर्गत मंगलवार को मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भोपाल रवाना किया गया। नेत्र रक्षा केंद्र, हरदा में आयोजित शिविर में पूर्व में नेत्र परीक्षण के दौरान चिन्हित किए गए मरीजों को नेत्र रक्षा रथ एवं अन्य वाहनों के माध्यम से सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, संत नगर (भोपाल) भेजा गया, जहां उनके मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार लोमेश कुमार गौर उपस्थित रहे। उन्होंने हरी झंडी



दिखाकर वाहन को रवाना किया। क्लब के प्रोजेक्ट मैनेजर लायन गोविंद पालीवाल के मार्गदर्शन में पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं संपन्न हुईं। मरीजों के सुरक्षित आवागमन के साथ-साथ उनके भोजन की व्यवस्था भी लायन गोविंद पालीवाल द्वारा कराई गई। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि लायंस क्लब हरदा अंबर निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय है। नेत्र चिकित्सा शिविर के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना क्लब की महत्वपूर्ण सेवा गतिविधियों में शामिल है। इस दौरान अध्यक्ष संतोष राजपूत, गोविंद पालीवाल, रवि प्रकाश रमानी, राजेश गुर्जर, डॉ ओमनाथ पांडे,रमेश भद्रवले, इकलाख हुसैन, एनके रात्रे, अनिल सोलंकी, नितिन सुरमा, अशफाक खान, जितेंद्र, विवेक मलवीए, कोमाल, सहित अन्य उपस्थित थे। मरीजों एवं उनके परिजनों ने निःशुल्क जांच, आवागमन, भोजन और ऑपरेशन की व्यवस्था के लिए लायंस क्लब हरदा अंबर एवं सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय समिति बोर्ड और दल गठित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के अंतर्गत ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक दिव्यांगता तथा बहुदिव्यांगता वाले दिव्यांगजनो के संरक्षण, पुनर्वास एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. इस समिति के अध्यक्ष है तथा समिति में पांच अन्य सदस्य शामिल हैं। इसी प्रकार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 एवं मध्यप्रदेश दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम नियम 2017 के प्रावधानानुसार सलाहकार बोर्ड का भी गठन किया गया है।

# मुख्यालय पर 8 बाई 8 के तीन कमरों में कैद 60 बच्चों का भविष्य ट्रांसफर के डर से शिक्षक खुद जेब से भर रहे स्कूल का किराया

**सीहोर।** कहते हैं कि दीये तले हमेशा अंधेरा होता है और इस कहावत को पूरी तरह सच साबित कर रहा है जिला मुख्यालय का एक सरकारी स्कूल। सरकार एक तरफ जहां शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए सीएम राइज जैसे बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 26 में संचालित होने वाले एक सरकारी प्राथमिक स्कूल की हकीकत बेहद चौंकाने वाली है।

यहां 60 मासूम बच्चों का भविष्य महज 8 बाई 8 साइज के तीन छोटे-छोटे कमरों में सिमट कर रह गया है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस स्कूल को बचाने और अपने तबादले को रोकने के लिए यहां का स्टाफ खुद अपनी जेब से पैसे मिलाकर इस भवन का किराया भर रहा है। बता दें पहले यह स्कूल वार्ड क्रमांक 26 में संचालित हो रहा था, लेकिन अब यह स्कूल भोपाली फाटक के पास एक निजी मकान के तीन कमरों में संचालित हो रहा है। इन कमरों का साइज महज 8 बाई 8 फीट है। इतने छोटे कमरों में 60 बच्चों को भेड़-बकरियों की तरह बैठना पड़ता है। इसी तंग जगह में बच्चों की पढ़ाई भी होती है और दोपहर में मध्यान्ह भोजन भी इसी उमस और संकरेपन के बीच परोसा जाता है। इस पूरे मामले में



एक और दिलचस्प बात शिक्षकों की मजबूरी से जुड़ा है। कागजों में और शिक्षा विभाग के बड़े अफसरों को यह बताया गया है कि इस भवन का किराया जनता की मदद से दिया जा रहा है। लेकिन अंदरूनी हकीकत यह है कि स्कूल स्टाफ अपने वेतन से पैसे इकट्ठा कर हर महीने मकान मालिक को किराया चुका रहा है।

#### बजट आया पर जमीन न मिलने से हुआ लैप्स

यह स्थिति तब है जब स्कूल के नए भवन निर्माण के लिए शासन स्तर से राशि स्वीकृत की जा चुकी थी। लेकिन सिस्टम की सुस्ती के चलते शहर में स्कूल के लिए जमीन ही चिन्हित नहीं की जा सकी। नतीजा यह हुआ कि भवन निर्माण के लिए आई लाखों रुपये की सरकारी राशि बिना इस्तेमाल हुए वापस हो गई।

#### राशि लैप्स हो गई

स्कूल भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत हो गई थी, लेकिन जगह चिन्हित नहीं हो पाने की वजह से राशि वापस लैप्स हो गई है। हालांकि इस स्कूल को आने वाले 10 से 15 दिन में ही सीएम राइज स्कूल में मर्ज किया जा रहा है।

**अशोक वर्मा,** बीआरसी सीहोर

पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष अब तक काफी बेहतर बारिश दर्ज की गई

# आष्टा अव्वल, श्यामपुर फिसड्डी, जिले में अब तक 11.10 इंच औसत बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले में मानसून पूरी तरह से सक्रिय बना हुआ है और झमाझम बारिश का दौर जारी है। इस बार सीजन की शुरुआत से ही इंद्रदेव जिले पर मेहरबान नजर आ रहे हैं, जिसके चलते पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष अब तक काफी बेहतर बारिश दर्ज की जा चुकी है। हालांकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में बारिश के आंकड़ों में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है, जहां एक तरफ आष्टा ब्लॉक बारिश के मामले में सबसे आगे यानी अव्वल चल रहा है, वहीं दूसरी तरफ श्यामपुर अब तक सबसे पीछे यानी फिसड्डी साबित हुआ है।

भू अभिलेख शाखा द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक जारी मानसून सीजन में 1 जून से लेकर अब तक जिले में औसतन 11.10 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। राहत की बात यह है कि पिछले साल इसी अवधि में जिला केवल 9.66 इंच वर्षा पर ही सिमट गया था। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार करीब डेढ़ इंच से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे किसानों और आम जनता के चेहरे खिल उठे हैं।

#### अब तक कहां कितनी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार अब तक आष्टा विकासखंड में सर्वाधिक 15.75 इंच वर्षा दर्ज हुई है। इसके बाद भैरूंदा में 14.45 इंच, जावर में 12.74 इंच और इछावर में 12.56 इंच बारिश हुई है। वहीं रेहटी में 9.22 इंच, सीहोर मुख्यालय पर 9.07 इंच और बुधनी में 8.39 इंच वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सबसे कम बारिश श्यामपुर क्षेत्र में हुई है, जहां यह आंकड़ा 6.65 इंच है।

#### आष्टा में सबसे ज्यादा पानी बरसात

इस सीजन में अब तक की कुल बारिश पर नजर डालें तो आष्टा ब्लॉक जिला मुख्यालय समेत अन्य सभी क्षेत्रों को पछाड़ते हुए शीर्ष पर बना हुआ है।

आष्टा में अब तक रिकॉर्ड 15.75 इंच बारिश हो चुकी है। इसके उलट श्यामपुर क्षेत्र



में मानसून की रफ्तार बेहद सुस्त है। यहां अब तक का आंकड़ा महज 6.65 इंच पर ही अटका हुआ है, जो आष्टा के मुकाबले आधे से भी कम है और इसे जिले में सबसे फिसड्डी पायदान पर रखता है। 24 घंटों के दौरान जिले के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सर्वाधिक 0.24 इंच वर्षा श्यामपुर क्षेत्र में दर्ज की गई। रेहटी में 0.18 इंच और जिला मुख्यालय में 0.02 इंच बारिश हुई। आष्टा, जावर, इछावर, भैरूंदा और बुधनी विकासखंडों में इस अवधि में कोई बारिश नहीं हुई।

# दी ऑक्सफोर्ड स्कूल के पूर्व छात्र दिव्यांश अहिरवार ने भारतीय वन सेवा परीक्षा में पाई 127वीं रैंक

**सीहोर।** स्थानीय दी ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर के वर्ष 2020 बैच के छात्र दिव्यांश अहीरवार ने संघ लोक सेवा आयोग की भारतीय वन सेवा परीक्षा 2025 में अखिल भारतीय रैंक 127 प्राप्त कर विद्यालय, जिले एवं प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

देवेंद्र अहिरवार के पुत्र दिव्यांश ने नर्सरी से कक्षा 12वीं तक अपनी संपूर्ण स्कूली शिक्षा ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर से प्राप्त की। वे विद्यालय के श्मिस्टर



ऑक्सफोर्ड भी रह चुके हैं। विदाई समारोह में उन्होंने विद्यालय के ध्येय वाक्य ज्ञान ही प्रकाश है को जीवनभर अपनाने का संकल्प लिया था, जिसे उन्होंने अपनी इस उल्लेखनीय सफलता से साकार कर दिखाया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन, विद्यालय प्रबंधन, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने दिव्यांश अहीरवार तथा उनके परिवार को शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दि ऑक्सफोर्ड हासे की छात्रा ने अंतरराष्ट्रीय कराते स्पर्धा में जीता रजत पदक

**सीहोर।** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर की कक्षा 12वीं की छात्रा आरोही पराशर ने नेपाल के काठमांडू में आयोजित 17वीं एनएसकेए अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए काता/कुमिते टीम काता/कुमिते स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अर्जित किया। इस उपलब्धि से उन्होंने विद्यालय, सीहोर, जिला तथा मध्यप्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस उल्लेखनीय सफलता कराटे प्रशिक्षक लखन ठाकुर का विशेष योगदान रहा। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने कहा कि छात्रा की यह सफलता उसकी कठिन मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगी। इस उपलब्धि पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन, जिला शिक्षा अधिकारी शीलू शर्मा, जिला खेल अधिकारी अत्ताउल्लाह खान, शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान, सीहोर के प्राचार्य आलोक शर्मा, स्पोर्ट्स शिक्षक सुमित शर्मा सहित विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने हार्दिक बधाई दी।

